Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems faced by the Self Help Groups in Karauli and Dholpur districts

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): माननीय सभापति जी, मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के दो आकांक्षी जिले, करौली और धौलपुर, के स्वयं सहायता समूह की समस्याओं की तरफ दिलाना चाहता हूं। धौलपुर जिले में स्वयं सहायता समूह की 60,000 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और करौली जिले में 30,000 महिलाएं जुड़ी हुई हैं।

13.00hrs

माननीय प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम भी स्वयं सहायता समूह कर रहे हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि जब महिलाएं खाता खोलने जाती हैं तो बैंक के कुछ अधिकारी लापरवाही करते हैं। उनका खाता खोलने में डिले करते हैं और उनको परेशान करते हैं। जब स्वयं सहायता समूह को लोन देने की बारी आती है तो बैंक अधिकारी और वह बैंक तथा जो लीड बैंक हैं, वे भी उन चीजों पर कोई नियंत्रण नहीं रख पाते हैं। जिला कलैक्टर की मीटिंग में भी वे नियंत्रण में नहीं आते हैं।

महोदय, मेरा आपसे आग्रह है, माननीय वित्त मंत्री जी भी यहां बैठे हैं कि उन बैंकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।… (व्यवधान)